प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

22.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा– पर्यटन क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा हिमाचल।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के कई महाविद्यालयों को बंद करने के फैसले को बताया जनविरोधी।
- बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने एच.पी. शिवा परियोजना के तहत संतोषजनक कार्य न करने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने के दिए निर्देश।
- सांसद सुरेश कश्यप ने कहा– प्रदेश को विभिन्न योजनाओं के तहत भरपूर मदद दे रही केन्द्र सरकार।
- मिड–डे–मील वर्कर्ज़ का शिमला में प्रदर्शन– मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज़ करने की चेतावनी।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र को प्रोत्साहित करने और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की सरकार की नीतियों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्यटन के लिए प्रसिद्ध हिमाचल को साहसिक पर्यटन के केन्द्र के रूप में भी स्थापित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिलासपुर के हरनोड़ा से तत्तापानी तक 30 किलोमीटर लम्बा क्रूज़ मार्ग विकसित करने का निर्णय लिया गया है। इसी तरह नादौन में ब्यास नदी और शिमला ज़िला में सतलुज नदी पर एशियन राफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन आकर्षण का केन्द्र बन रहे हैं। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य में इको टूरिज़्म की अपार संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए नई इको टूरिज़्म नीति लागू की गई है। उन्होंने कहा कि हिमाचल को एस्ट्रो टूरिज़्म गंतव्य के रूप में विकसित करने के लिए सरकार ने लाहौल–स्पीति के काज़ा में स्टार गेज़िंग सुविधा भी आरंभ की है।

सुक्खू

इस बीच, मुख्यमंत्री ने सराज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि एक सौ 37 करोड़ रूपए की लागत से चैलचौक–जंजैहली सड़क को सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 83 किलोमीटर लंबी इस सड़क परियोजना को सी.आर.आई.एफ. के तहत मंजूरी मिली है और इसके पूरा होने से क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों से मुख्यमंत्री को अवगत करवाया।

जयराम ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राजकीय महाविद्यालय ननखड़ी सहित प्रदेश के कई अन्य महाविद्यालयों को बंद करने के फैसले को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और जनविरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा कि दुर्गम क्षेत्र में स्थित महाविद्यालयों को बंद कर सरकार ने स्थानीय युवाओं के उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अवसरों पर सीधा प्रहार किया है। जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि छात्र संख्या का बहाना बनाकर स्कूलों और कॉलेजों को बंद करने की बजाय छात्र संख्या बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। रामपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता कौल नेगी के नेतृत्व में ननखड़ी से आए एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षा के विस्तार और पहुंच को सुनिश्चित करना सरकार की ज़िम्मेदारी है। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में दूध संग्रहण केन्द्रों पर विरोध प्रदर्शन को लेकर जयराम ठाकुर ने कहा कि लोगों से पूरा दूध नहीं खरीदा जा रहा, और न ही उन्हें समय पर भुगतान किया जा रहा है।

जगत नेगी

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में आज शिमला में मण्डी व ऊना ज़िलों में एच. पी. शिवा परियोजना की प्रगति के संबंध में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने मण्डी ज़िले के 98 कलस्टरों में करीब एक हज़ार 85 हैक्टेयर क्षेत्र और ऊना ज़िला के 12 कलस्टरों में करीब 2 सौ

24 हैक्टेयर क्षेत्र में संचालित परियोजना गतिविधियों का ब्यौरा लिया। जगत सिंह नेगी ने बागवानी विभाग के अधिकारियों को 30 जून तक संतोषजनक प्रगति न होने की स्थिति में ठेकेदारों के कॉंट्रैक्ट खत्म कर उन्हें ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परियोजना के सभी कार्य उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरे किए जाने चाहिएं।

## विकसित वाइब्रेंट विलेज

विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के दूसरे चरण के तहत देश के विभिन्न हिस्सों से चयनित युवा इन दिनों लाहौल स्पीति जिला के सीमावर्ती गांव के भ्रमण पर पहुंचे हैं। इस कार्यक्रम का उद्‌देश्य देश के सीमावर्ती क्षेत्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना और युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ना है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे लाहौल स्पीति ज़िला संवादाता.....

## प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत बिलासपुर ज़िला के 22 चयनित गांवों में विकास कार्यों के लिए बीस–बीस लाख रूपए की राशि उपलब्ध करवाई जाएगी। उपायुक्त राहुल कुमार ने आज एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि ग्राम विकास योजनाओं के निर्माण और क्रियान्वयन में पंचायतों को पूरा सहयोग दिया जाए ताकि विकास कार्य निर्धारित अवधि में पूरे किए जा सकें।

## सुरेश कश्यप

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने हिमाचल को बरसात के नुकसान के लिए भरपूर सहायता दी है और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 94 हज़ार से ज़्यादा मकान स्वीकृत किए हैं। वे आज शिमला में ज़िला विकास समन्वय व निगरानी समिति दिशा की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समय पर कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं भेज रही है और उसी के आधार पर केन्द्र द्वारा फंड जारी किया जाता है। इस दौरान सुरेश कश्यप ने केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की और मनरेगा व एम.पी. लैड के लंबित कार्यों को एक सप्ताह में पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। सुरेश कश्यप ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने के बाद बिजली बिल में बढ़ोत्तरी या गड़बड़ी संबंधी कुछेक मामले सामने आए हैं, जिनका निपटारा कर दिया गया है।

## मिड–डे–मील

मिड–डे–मील वर्कर्ज़ ने आज अपनी मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी हड़ताल की। इस दौरान सीटू से संबंधित मिड–डे–मील वर्कर्ज़ यूनियन ने वेतन बढ़ोत्तरी, ग्रैचुटी पैंशन और बारह महीने का वेतन देने जैसी मांगों को लेकर आज शिमला में टॉलैंड से सचिवालय तक रोष रैली निकाली। इस दौरान मिड–डे–मील वर्कर्ज़ ने केन्द्र व राज्य सरकार पर उनके शोषण का आरोप लगाया। यूनियन की राज्य महासचिव शांति देवी ने मिड–डे–मील वर्कर्ज़ को हाईकोर्ट के फैसले के मुताबिक 12 महीने का वेतन देने और नियमित करने के लिए नीति बनाने की मांग की है।

यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज़ किया जाएगा।

## तकनीकी शिक्षा

प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड का वर्ष 2026–27 के लिए करीब 14 करोड़ रूपए का बजट आज तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव डॉक्टर अभिषेक जैन की अध्यक्षता में शिमला में आयोजित बैठक में पारित किया गया। इस दौरान अभिषेक जैन ने बोर्ड द्वारा संचालित की जाने वाली परीक्षाओं में उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश में पढ़ाए जाने वाले बहुतकनीकी संस्थानों के पाठ्‌यक्रम को समय–समय पर संशोधित करने और नवीनतम विषयों को पाठ्‌यक्रम में शामिल करने को भी कहा।

ज्ञापन

शिमला शहर के प्रतिबंधित मार्गों पर रहने वाले लोगों की समस्याओं को लेकर भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज सांसद सुरेश कश्यप को एक ज्ञापन सौंपा। भाजपा नेता कर्ण नंदा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जाखू, यू.एस.क्लब., बैनमोर और कनलोग क्षेत्र के सैंकड़ों परिवारों को वाहन परमिट से राहत दिलाने की मांग की। उन्होंने इन क्षेत्रों के निवासियों के लिए दीर्घकालिक रैज़िडैंट पास जारी करने, परमिट शुल्क में तर्कसंगत कमी और प्रतिबंधित मार्गों से संबंधित नियमों में छूट प्राप्त श्रेणी में शामिल करने का आग्रह किया।

आधार ऐप–रिकॉर्ड

इस वर्ष जनवरी में आधार ऐप शुरू होने के बाद तीन करोड दस लाख से अधिक लोगों ने इसे डाउनलोड किया है। इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बताया है कि इस ऐप के बढ़ते इस्तेमाल से पता चलता है कि सेवाओं का लाभ शीघ्र उठाने में इसके प्रति लोगों का भरोसा बढ़ा है। इसका उपयोग करके करीब चालीस लाख लोगों ने अपने मोबाइल नम्बर अपडेट किये हैं और करीब साढे आठ लाख लोगों ने अपना पता अपडेट करने के लिए इस ऐप का इस्तेमाल किया है। ऐप के जरिये एक ही क्लिक में लॉक या अनलॉक करना, उपस्थिति के साक्ष्य के लिए चेहरा प्रमाणित करना, क्यूआर– बेस्ड परिचय–पत्र और विजिटिंग कार्ड जैसी सेवाएं प्राप्त की जा रही हैं।

मुख्य समाचार एक बार फिर

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा– पर्यटन क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा हिमाचल।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के कई महाविद्यालयों को बंद करने के फैसले को बताया जनविरोधी।
- बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने एच.पी. शिवा परियोजना के तहत संतोषजनक कार्य न करने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने के दिए निर्देश।
- सांसद सुरेश कश्यप ने कहा– प्रदेश को विभिन्न योजनाओं के तहत भरपूर मदद दे रही केन्द्र सरकार।
- मिड–डे–मील वर्कर्ज़ का शिमला में प्रदर्शन– मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज़ करने की चेतावनी।